डाक पंजी. क्र. ग्वालियर डिवीजन
एम.पी.-19- ग्वालियर-2011-13

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 23] भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 8 जून 2012-ज्येष्ठ 18, शके 1934

भाग 3 (1)

विज्ञापन

स्थानीय संस्थाओं की सूचनाएं

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन, प्रेस कॉम्प्लेक्स, भोपाल-462011

भोपाल, दिनांक 31 मई, 2012

क्र. 375/का.यं./स.क्र.-10/भोविप्रा/12.—मध्यप्रदेश नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम की धारा-50 (2) के अधीन सर्व-साधारण की जानकारी हेतु यह घोषित किया जाता है, कि भोपाल विकास प्राधिकरण, ग्राम-मुबारकपुर एवं ग्राम कुराना, नरसिंहगढ़, सीहोर वायपास रोड एवं नरसिंहगढ़ रोड की निम्नलिखित निजी भूमि के सम्बन्ध में नगर विकास स्कीम तैयार करने का आशय रखता है.

तदानुसार योजना की चतुर्सीमा निम्नानुसार है:—

पूर्व दिशा में	:	ग्राम-मुबारकपुर खसरा क्र.-	सीहोर वायपास रोड 206, 206/3, 199/3, 181, 183/1/4/2, नरसिंहगढ़ रोड 177, 173/3, 174/3, 175/3, 178 ख.
		ग्राम-कुराना खसरा क्र.-	272 मार्ग 269.
पश्चिम दिशा में	:	ग्राम-मुबारकपुर खसरा क्र.-	208, 209/2, 205/1, 203, 202/2/2, 204, नरसिंहगढ़ रोड 164, 165, 166/3, 167/2, 162.
		ग्राम-कुराना खसरा क्र.-	254, 253.
उत्तर दिशा में	:	ग्राम-मुबारकपुर खसरा क्र.-	272 मार्ग.
		ग्राम-कुराना खसरा क्र.-	254, 255, 258, 237, 236, 247 (नाला) 269.
दक्षिण दिशा में	:	ग्राम-मुबारकपुर खसरा क्र.-	208, 209/2, 207, 234, 206/1, 206, 200, 201, 288, 202/3, 199/1/1, 199/1/3, 199/1/5, 199/2, 199/3, 184, 181, 183/1, 181, 183/2/5/1, 181, 183/1/4/2, नरसिंहगढ़ रोड.

योजना प्रारम्भ करने की स्वीकृति शासन द्वारा पत्र क्र. 3-41/09/32-1, भोपाल दिनांक 8-5-2012 से दी गई.

कुमार पुरूषोत्तम,
मुख्य कार्यपालन अधिकारी.

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

मेरा नाम 10वीं की मार्कशीट में **DEVARAG SINGH KUSHWAH S/o GAMBHIR SINGH KUSHWAH** तथा 12वीं मार्कशीट में **DEVRAJ SINGH KUSHWAH** है.

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, अब मैं **DEVRAJ SINGH KUSHWAH** नाम चाहता हूँ और सब मुझे इसी नाम से जाने.

पुराना नाम :

(DEVARAG SINGH KUSHWAH)

नया नाम :

(DEVRAJ SINGH KUSHWAH)
पता—C/o Rakesh Tailor,
Naka Chandravandni Tiraha,
Lashkar, Gwalior (M.P.).

(49-बी.)

नाम परिवर्तन

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि, पूर्व में मेरा नाम राजेश माहेश्वरी/राजेश कुमार माहेश्वरी पिता जानकीलाल माहेश्वरी था, जो अब परिवर्तित होकर राजेश मालपानी पिता जानकीलाल माहेश्वरी हो गया है.

अतः भविष्य में मुझे मेरे नये नाम राजेश मालपानी पिता जानकीलाल माहेश्वरी के नाम से जाना, पहचाना जावे.

पुराना नाम :

(राजेश माहेश्वरी)

नया नाम :

(राजेश मालपानी)
पिता जानकीलाल माहेश्वरी,
पता— 7/1/एफ, वाय. एन. रोड,
इन्दौर (म. प्र.).

(52-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, जरीन ने अपना नाम परिवर्तन कर जहाबिया कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :

(जरीन)

नया नाम :

(जहाबिया)
22, छत्री चौक, गोपाल मंदिर मार्ग,
उज्जैन (म. प्र.).

(50-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, अशोक ने अपने नाम के साथ उपनाम का प्रयोग कर अशोक हम्मड़ कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :

(अशोक)

नया नाम :

(अशोक हम्मड़)
14, ग्राम टोंकी, जिला धार (म.प्र.).

(51-बी.)

नाम परिवर्तन

मैं, आशा बलवानी ने अपना नाम परिवर्तन कर हेमा बलवानी कर लिया है. अब से मुझे इसी नाम से जाना जावे.

पुराना नाम :

(आशा बलवानी)

नया नाम :

(हेमा बलवानी)
43, काटजू कॉलोनी, इन्दौर.

(54-बी.)

विविध

आयुक्तों तथा जिलाध्यक्षों की सूचनाएं

कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला नीमच

नीमच, दिनांक 9 अप्रैल, 2012

क्र./महामारी/2012/2600.—नीमच जिले में संक्रामक रोग हैजा, आंत्रशोथ, पेचिस, पीलिया, मस्तिष्क ज्वर, चिकनगुनिया, डेंगू के फैलाव की संभावना के कारण तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक है कि इन संदर्भित बीमारियों के प्रादुर्भाव और फैलाव की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक उपाय तुरन्त किये जावें.

अतः मैं, लोकेशकुमार जाटव, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला नीमच, मध्यप्रदेश आपत्तिजनक हैजा विनियमन नियम, 1979 के नियम 3 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए जिला नीमच को अधिसूचित क्षेत्र घोषित करता हूँ तथा आदेश देता हूँ कि:—

क— अधिसूचित क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर बाजारों, उपहारगृहों, भोजनालयों, होटलों आदि के लिये खाद्य एवं पेयजल सामग्री निर्माण करने या उससे निर्माण कर प्रदाय करने के लिये कायम की गई स्थापना में अथवा विक्रय या विमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये गये स्थानों पर—

1. बासी मिठाईयों सड़े-गले फल, सब्जियां, मछली, अण्डे, दूषित खाद्य पदार्थों के बेचने पर प्रतिबंध लगाया जावे.
2. कुल्फी, आईसक्रीम, बर्फ के लड्डू, चूसने वाले पेय पदार्थ, खुले स्थान / बाजार में जालीदार ढक्कन ढककर रखे जावें, महामारी फैलने पर इसकी बिक्री पर पाबन्दी लगाई जावे.
3. नालियाँ, गटरों, पानी के गड्ढ़ों, मलकुण्ड, कूड़ा-करकट आदि गंदगी वाले स्थानों को स्वच्छ रखा जावे तथा रोगाणुनाशक पदार्थ से नियमित सफाई की जावे.
4. मक्खियाँ, मच्छर पैदा करने वाले स्थान को स्वच्छ रखा जावे तथा खाद्य पदार्थों को दूषित होने से बचाया जावे.
5. नगरपालिका क्षेत्र में जल प्रदाय व्यवस्था के अन्तर्गत टंकी की समय-समय पर सफाई तथा उचित मात्रा में क्लोरीन जल शुद्धिकरण के लिये काम में लाई जावे.
6. ग्रामीण क्षेत्रों में नाले, तालाब, अस्वच्छ कुओं व बावड़ियों का पानी पीने के काम में नहीं लाया जावे, हैण्डपम्प का पानी ही पीने के उपयोग में लाया जावे. ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोतों की प्रति सप्ताह नियमित ब्लीचिंग पाउडर डालकर शुद्धिकरण पश्चात् जल का उपयोग किया जावे.
7. धर्मशालाओं, सार्वजनिक स्थानों, शैक्षणिक संस्थाओं व धर्मार्थ संस्थाओं द्वारा अपने परिसर स्थित पेयजल टंकी की नियमित सफाई व शुद्धिकरण किया जावे.

ख— इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में घोषित अधिसूँचित क्षेत्र में या बाहर के कोई भी व्यक्ति इस आदेश के पैरा ''क'' के बिन्दु क्रमांक-1 में उल्लेखित वस्तुओं तथा तैयार एवं पकाये हुए भोजन को न तो लायेगा और न ही ले जावेगा.

ग— इस आदेश द्वारा प्रतिबंधित अवधि में अधिसूचित क्षेत्र के किसी भी बाजार, भवन, दुकान, स्टॉल अथवा खाने-पीने की किसी भी वस्तु के विक्रय या विमूल्य वितरण हेतु उपयोग में लाये जा रहे स्थानों में प्रवेश करने, वहां विद्यमान ऐसी वस्तुओं की जांच-पड़ताल करने, निरीक्षण करने तथा खाने-पीने की ऐसी वस्तुएं एवं मानव उपयोग के अभिप्रेरित है और जो पदार्थ दूषित या अनुपयुक्त है, तो उन अस्वास्थ्यकर, दूषित, अनुपयुक्त वस्तुओं के अधिग्रहण करने, हटाने या नष्ट करने या ऐसी रीति से निर्वसन करने के लिये जिसमें वह मानव द्वारा उपयोग में लाये जाने से

रोकी जा सके, के लिये अधिसूचित क्षेत्र में कार्यवाही हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को प्राधिकृत करता हूँ.—

1. अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, जिला नीमच.
2. समस्त कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला नीमच.
3. ऐसे समस्त शासकीय चिकित्सक पदाधिकारी जो सहायक चिकित्सक के पद से नीचे न हो.
4. नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वास्थ्य निरीक्षक.
5. मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका/नगर पंचायत, समस्त.
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, समस्त.
7. राजस्व निरीक्षक समस्त तहसील जिला नीमच.

उपरोक्त उल्लेखित पदाधिकारी अधिसूचित क्षेत्र में किन्हीं भी नालियों, घरों के गड्ढों, पोखरों, मल संडास, संक्रमित वस्तुओं, बिस्तरों, कूड़ा-करकट अथवा किसी प्रकार की गंदगी को हटाते समय उस स्थान को स्वच्छ व रोगाणु रहित करने हेतु निवर्तन अथवा उसके संबंध में समुचित रोगाणुनाशक पदार्थ का समुचित उपयोग करने से संबंधित आदेश दे सकेंगे.

उक्त आदेश का क्रियान्वयन स्थानीय निकाय द्वारा सुसंगत प्रावधानों के तहत किया जावेगा.

संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों/संस्थाओं/प्रतिष्ठानों द्वारा आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी, जो अन्य आर्थिक दण्ड पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना की जावेगी.

यह आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी छः माह की अवधि या अन्य आदेश तक, जो भी पहले हो प्रभावशील रहेगा.

लोकेशकुमार जाटव,
कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी.

(263)

निविदा सूचनाएं

भोपाल, दिनांक 23 मई, 2012

क्र. जी.बी./दो(58/62) 2012/1817.—नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन-सामग्री विभाग, मध्यप्रदेश भोपाल में पंजीकृत मुद्रकों से जो कॉलम क्रमांक-5 में निर्धारित अर्हता की पूर्ति करते हों से निम्न सामग्री के मुद्रण हेतु पेपर सहित सीलबंद लिफाफे में दरें आमंत्रित की जाती हैं. निविदा के साथ अर्नेस्ट मनी रुपये 1000/- का बैंक ड्राफ्ट नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन-सामग्री मध्यप्रदेश, भोपाल के पक्ष में तैयार कर संलग्न करना होगा. नमूनों का अवलोकन कार्यालयीन समय में किया जा सकता है:—

स. क्र.	सामग्री का विवरण	मापदण्ड	मात्रा	अर्हता
1	2	3	4	5
1.	(1) ग्रोथ चार्ट रजिस्टर (बालक) (2) ग्रोथ चार्ट रजिस्टर (बालिका)	सम्पूर्ण कार्य बहुरंगी, आकार 33.2 × 28 सेमी., कुल पेज संख्या 110 कव्हर पेज अतिरिक्त, अन्दर के पृष्ठ 90 जीएसएम. मेपलिथो पेपर, आवरण पृष्ठ 300 जीएसएम. आर्ट पेपर पर लेमिनेशन सहित, साईड स्टिचिंग के साथ परफेक्ट बाईंडिंग.	(1) 1,02,000 (2) 1,02,000	"ए" श्रेणी के पंजीकृत मुद्रक जिनके पास मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन एवं परफेक्ट बाईण्डर की सुविधा उपलब्ध हो.

1	2	3	4	5
2.	(1) सबला रजिस्टर	सम्पूर्ण कार्य ब्लैक एण्ड व्हाइट, आकार 44 × 28.5 सेमी. कुल पेज संख्या 216 कव्हर पेज अतिरिक्त, अन्दर के पृष्ठ 70 जीएसएम. मेपलिथो पेपर आवरण पृष्ठ 300 जीएसएम. आर्ट पेपर पर लेमिनेशन सहित साईड स्टिचिंग के साथ परफेक्ट बाईडिंग.	27,000	''ए'' श्रेणी में पंजीकृत मुद्रक जिनके पास परफेक्ट बाईण्डर की सुविधा उपलब्ध हो.
	(2) किशोरी कार्ड	सम्पूर्ण कार्य बहुरंगी, आकार 42 × 29 सेमी., 140 जीएसएम. मेपलिथो पेपर पर, दो फोल्ड के साथ.	12,00,000	''ए'' श्रेणी के पंजीकृत मुद्रक जिनके पास मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन उपलब्ध हो.
	(3) प्रचार-प्रसार हेतु पम्पलेट (सबला योजना)	सम्पूर्ण कार्य बहुरंगी, आकार 29 × 21 सेमी., 90 जीएसएम. आर्ट पेपर पर, दो फोल्ड के साथ.	20,00,000	''ए'' श्रेणी के पंजीकृत मुद्रक जिनके पास मल्टीकलर ऑफसेट प्रिंटिंग मशीन उपलब्ध हो.

विभाग द्वारा प्रेषित नमूने, तकनीकी विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं.

पंजीकृत फर्म अपने वैध पंजीयन प्रमाण-पत्र संलग्न कर अपने लेटर हैड पर पेपर सहित मुद्रण हेतु दरें दिनांक 23 जून, 2012 को दोपहर 1.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में स्थापित मशीनों के प्रमाण स्वरूप मशीन क्रय देयक की छायाप्रति, पेपर नमूनों एवं शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर अंकित कर उसके साथ प्रस्तुत करना होगा. विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा. निविदा उसी दिनांक को अपराह्न 3.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी.

इस निविदा सूचना को वेबसाइट **www.tenders.gov.in** एवं **www.govtpressmp.nic.in** पर भी देखा जा सकता है.

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा.

व्ही. के. सिंह,
उप-नियंत्रक,
वास्ते नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन-सामग्री, मध्यप्रदेश, भोपाल.

(264)

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक, लोक न्यास, पिछोर, जिला शिवपुरी

पिछोर, दिनांक 14 मई, 2012

प्र. क्र./01/2011-12/बी-113.

फॉर्म-4

[नियम 5 (1) देखिये]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) की धारा-5 की उपधारा (2)
और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1962 का नियम 5 (1) के अन्तर्गत]

चूंकि श्री मन्नूलाल गेड़ा (अध्यक्ष गहोई समाज), निवासी पिछोर द्वारा श्री कमलेश्वर मंदिर समिति करारखेड़ा के विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के पंजीयन हेतु आवेदन-पत्र लोक न्यास अधिनियम की धारा-4 के तहत प्रस्तुत किया है. एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आवेदन दिनांक 28 मई, 2012 सुनवाई हेतु नियत है.

कोई भी व्यक्ति जो उक्त न्यास अथवा सम्पत्ति में हित रखता हो और इस न्यास के संबंध में कोई आक्षेप प्रस्तुत करना चाहता हो या सुझाव देना चाहता हो वह इस अधिसूचना प्रकाशन के दिनांक से 30 दिवस के भीतर लिखित कथन प्रस्तुत करें तथा नियत दिनांक को स्वयं या अभिभाषक अथवा अभिकर्ता के द्वारा मेरे समक्ष उपस्थित होवें. निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम व पता तथा लोक न्यास की चल व अचल सम्पत्ति का ब्यौरा)

1.	न्यास का नाम . .	श्री श्री 1008 श्री कमलेश्वर मंदिर ट्रस्ट ग्राम करारखेड़ा, तहसील पिछोर, जिला शिवपुरी, मध्यप्रदेश.
2.	मूर्तियाँ . .	1. श्री श्री 1008 कमलेश्वर महादेव (भोलानाथ) 2. श्री श्री 1008 श्री कमलेश्वर महादेव (शिवलिंग) 3. श्री नन्दीगण, 4. श्री नागदेवता. 5. श्री शिव पार्वती, गणेश (सभी एक-एक आकार के)
3.	घण्टे	1. घण्टा बड़ा वजनी लगभग 1 क्विंटल, 2. छोटे घण्टे 10.
4.	अन्य सामग्री	1. पूजा के बर्तन 10, 2. कलश 2, 3. छत्र 1, 4. दीपक 2, 5. पंखे दीवाल फैन 8, 6. बर्तन भगोना 2, बाल्टी 5, कोपर 2, 7. लोटा गिलास आदि 21, 8. तखत 2, फर्स 2, कढ़ाई 1.

उमेश शुक्ला,
अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक.

(265)

न्यायालय रजिस्ट्रार लोक न्यास एवं उपखण्ड अधिकारी, सिंगरौली, जिला सिंगरौली

वैढ़न, दिनांक 28 मई, 2012

प्र. क्र./02/न्यास/2012.

प्रारूप क्रमांक-4

[देखें नियम 5 (1)]

[मध्यप्रदेश लोक न्यास अधिनियम 1951 (1951 का 30) और मध्यप्रदेश लोक न्यास नियम 1962 के नियम 5 (1) के द्वारा]

लोक न्यासों के पंजीयक उपखण्ड सिंगरौली, जिला सिंगरौली के समक्ष

यतः कि आवेदक श्री ओंमानन्द सरस्वती पुत्र स्व. तारा प्रसाद मिश्र, नि. भगत सिंह कॉलोनी, सिंगरौली, तहसील व जिला सिंगरौली, मध्यप्रदेश ने मध्यप्रदेश लोक सेवा न्यास अधिनियम, 1951 (1951 का 30) की धारा-4 के अन्तर्गत एक आवेदन अनुसूची में विनिर्दिष्ट सम्पत्ति के लिए लोक न्यास के रूप में पंजीकृत किये जाने एवं शासनाधीन चलाये जाने के लिये आवेदन किया है.

किसी आपत्ति या सुझाव को करने का आशय रखते हुए कथित न्यास या सम्पत्ति में हितबद्ध कोई व्यक्ति को इस सूचना-पत्र के प्रकाशन की तारीख से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन प्रस्तुत करना चाहिए और मेरे समक्ष उपरोक्त तारीख पर या तो व्यक्तिशः अथवा प्लीडर या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होना चाहिए. उपरोक्त अवधि के अवसान के उपरान्त प्राप्त आपत्तियों को विचार में नहीं लिया जायेगा.

अनुसूची

(लोक न्यास का नाम और पता व सम्पत्ति का विवरण)

लोक न्यास का नाम	. .	स्वामी ओंमानन्द सरस्वती पुत्र स्व. तारा प्रसाद मिश्र (श्रृंगि ऋषि सोऽहं धर्मार्थ चैरीटेबल ट्रस्ट)
पता	. .	निवासी भगत सिंह कॉलोनी, सिंगरौली, तहसील व जिला सिंगरौली (मध्यप्रदेश)
सम्पत्ति का विवरण	. .	न्यासकर्ता जो कि ट्रस्ट फण्ड रुपये 2,100 एवं 7 डि. जमीन के पूर्णरूप से स्वामी हैं.

नन्दलाल सामरथ,
पंजीयक एवं उपखण्ड अधिकारी.

(247)

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप-रजिस्ट्रार सहकारी सोसायटीज, शिवपुरी

क्र./परि./2012/508.—निम्नांकित सूची के कॉलम नं. 2 में दर्शित एवं कॉलम नम्बर 3 के पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक वाली सहकारी समिति को (जिन्हें आगे समिति कहा गया है) मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अन्तर्गत कॉलम नम्बर 5 में दर्शित अधिकारी/कर्मचारियों को कॉलम नम्बर 4 में दर्शित आदेश क्रमांक एवं दिनांक से परिसमापक नियुक्त किया गया था :—

क्रमांक	नाम परिसमापन समिति	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापक की नियुक्ति आदेश क्रमांक/दिनांक	परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5
1.	अ. जा. एवं अ. ज. जा. मत्स्य सहकारी संस्था मर्या., चिन्नौद (करैरा).	318/22-4-1995	584/13-07-2010	श्री जे. एस. राजे, सहकारी निरीक्षक.

चूंकि कॉलम नम्बर 2 में दर्शित समिति के कॉलम नम्बर 5 में उल्लेखित परिसमापक ने समिति की आस्तियों एवं दायित्वों का निराकरण कर पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन के अवलोकन से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि समिति का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित होगा.

अतएव मैं, बी. सी. उइके, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, शिवपुरी, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से मुझे प्रत्यावर्तित रजिस्ट्रार की शक्तियों का अनुप्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उपरोक्त सूची में वर्णित समिति का पंजीयन निरस्त करता हूं. अब समिति का निगमित निकाय के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया है.

यह आदेश आज दिनांक 30 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर सहित जारी किया गया.

(267)

क्र./परि./2012/509.—निम्नांकित सूची के कॉलम नं. 2 में दर्शित एवं कॉलम नम्बर 3 के पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक वाली सहकारी समिति को (जिन्हें आगे समिति कहा गया है) मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अन्तर्गत कॉलम नम्बर 5 में दर्शित अधिकारी/कर्मचारियों को कॉलम नम्बर 4 में दर्शित आदेश क्रमांक एवं दिनांक से परिसमापक नियुक्त किया गया था :—

क्रमांक	नाम परिसमापन समिति	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापक की नियुक्ति आदेश क्रमांक/दिनांक	परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5
1.	बीड़ी निर्माण उद्योग सहकारी संस्था मर्या., फूलपुर (नरवर).	--	584/13-07-2010	श्री जे. एस. राजे, सहकारी निरीक्षक.

चूंकि कॉलम नम्बर 2 में दर्शित समिति के कॉलम नम्बर 5 में उल्लेखित परिसमापक ने समिति की आस्तियों एवं दायित्वों का निराकरण कर पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन के अवलोकन से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि समिति का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित होगा.

अतएव मैं, बी. सी. उइके, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, शिवपुरी, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से मुझे प्रत्यावर्तित रजिस्ट्रार की शक्तियों का अनुप्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उपरोक्त सूची में वर्णित समिति का पंजीयन निरस्त करता हूं. अब समिति का निगमित निकाय के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया है.

यह आदेश आज दिनांक 30 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर सहित जारी किया गया.

(267-A)

क्र./परि./2012/510.—निम्नांकित सूची के कॉलम नं. 2 में दर्शित एवं कॉलम नम्बर 3 के पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक वाली सहकारी समिति को (जिन्हें आगे समिति कहा गया है) मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाते हुए धारा-70 (1) के अन्तर्गत कॉलम नम्बर 5 में दर्शित अधिकारी/कर्मचारियों को कॉलम नम्बर 4 में दर्शित आदेश क्रमांक एवं दिनांक से परिसमापक नियुक्त किया गया था :—

क्रमांक	नाम परिसमापन समिति	पंजीयन क्रमांक व दिनांक	परिसमापक की नियुक्ति आदेश क्रमांक/दिनांक	परिसमापक का नाम एवं पद
1	2	3	4	5
1.	फल, साग-भाजी उत्पादक सहकारी संस्था मर्या., नरवर (नरवर).	366/8-12-1995	584/13-07-2010	श्री जे. एस. राजे, सहकारी निरीक्षक.

चूंकि कॉलम नम्बर 2 में दर्शित समिति के कॉलम नम्बर 5 में उल्लेखित परिसमापक ने समिति की आस्तियों एवं दायित्वों का निराकरण कर पंजीयन निरस्त करने की अनुशंसा की है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत अंतिम प्रतिवेदन के अवलोकन से मैं, इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूँ कि समिति का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित होगा.

अतएव मैं, बी. सी. उइके, उप-पंजीयक, सहकारी समितियां, शिवपुरी, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग, भोपाल की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से मुझे प्रत्यावर्तित रजिस्ट्रार की शक्तियों का अनुप्रयोग करते हुए मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1) के अन्तर्गत उपरोक्त सूची में वर्णित समिति का पंजीयन निरस्त करता हूं. अब समिति का निगमित निकाय के रूप में अस्तित्व समाप्त हो गया है.

यह आदेश आज दिनांक 30 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुहर सहित जारी किया गया.

बी. सी. उइके,
उप-रजिस्ट्रार.

(267-B)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छिन्दवाड़ा

कारण बताओ सूचना-पत्र

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

निम्नांकित कॉलम नम्बर 1 में दर्शित सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु नियुक्त निर्वाचन अधिकारियों एवं समितियों के प्रभारी अधिकारियों के द्वारा कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये हैं कि समितियां निर्वाचन करवाने हेतु आर्थिक रूप से सक्षम नहीं हैं, साथ ही समितियों के आर्थिक रूप से सक्षम हो पाने की संभावना निकट भविष्य में नहीं है, अतः ऐसी दशा में समितियों के निर्वाचन करवाये जाना संभव नहीं हैं.

अतः उक्तानुसार प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि उक्त समितियां आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण निर्वाचन कराने हेतु सक्षम नहीं हैं और न ही भविष्य में इसकी संभावना है, ऐसी स्थिति में समितियों की वर्तमान स्थिति को बनाये रखना सहकारी अधिनियम के अनुरूप नहीं होने से निम्न

समितियों को परिसमापन में लाया जाना आवश्यक हो गया है:—

क्र.	संस्था का नाम	पंजीयन क्रमांक/दिनांक
1	2	3
1.	दीनदयाल मत्स्योद्योग सहकारी समिति मर्यादित, खापाबिहारी	375/10-8-1992
2.	श्री शारदा शिक्षक साख सहकारी समिति मर्यादित, लोधीखेड़ा	148/24-8-1987
3.	कालरी कर्मचारी प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित, चांदामेटा (अपनी दुकान)	144/22-8-1963

अत: मैं, जी. एस. डेहरिया, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, छिन्दवाड़ा, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक/एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के द्वारा प्रदत्त पंजीयक की शक्तियां जो मुझमें वेष्ठित हैं, का प्रयोग करते हुए उपरोक्त समितियों को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के तहत कारण बताओ सूचना पत्र जारी करता हूँ कि क्यों न उपरोक्त कारणों से संस्था को परिसमापन में लाये जाने के आदेश जारी कर दिये जावें, यदि संस्था इस संबंध में अपना पक्ष समर्थन चाहती है तो वह इस कारण बताओ सूचना पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर युक्तियुक्त उत्तर प्रस्तुत करें. यदि संस्था ने निर्धारित समयावधि में उत्तर नहीं दिया तो यह माना जावेगा कि उसे इस संबंध में कुछ नहीं कहना है, तदानुसार मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत उक्त संस्थाओं के परिसमापन आदेश जारी कर दिये जावेंगे.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 19 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया.

जी. एस. डेहरिया,
उप-पंजीयक.

(270)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला रायसेन

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (1) के अन्तर्गत]

कार्यालय सूचना पत्र क्रमांक/परि./12/168, रायसेन दिनांक 1 मार्च, 2012 द्वारा चर्म एवं हड्डी उद्योग सहकारी संस्था मर्या., बेगमगंज जिला रायसेन, जिसका पंजीयन क्रमांक 555, दिनांक 18 मार्च, 1994 है, को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना-पत्र जारी किया गया था.

संस्था को कारण बताओ सूचना-पत्र में दर्शाई गई त्रुटियों का परिमार्जन कर अपना पक्ष समर्थन करने हेतु पर्याप्त समय दिया गया था. किन्तु संस्था का उत्तर प्राप्त नहीं हुआ एवं अभिलेखों के आधार पर भी संस्था अकार्यशील पाई गई.

चूंकि संस्था की ओर से नियत समयावधि में कोई उत्तर प्रस्तुत नहीं किया गया. इससे स्पष्ट है कि संस्था विगत कई वर्षों से अकार्यशील है तथा उसने कार्य करना बंद कर दिया है, इस प्रकार सदस्यों के हित में कोई कारोबार नहीं संचालित किया जा रहा है. अत: संस्था को अधिनियम की धारा 69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाए जाने का पर्याप्त आधार बनता है.

अत: मैं, विनोद कुमार सिंह, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला रायसेन मध्यप्रदेश सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए चर्म एवं हड्डी उद्योग सहकारी संस्था मर्या., बेगमगंज, जिला रायसेन जिसका पंजीयन क्रमांक 555, दिनांक 18 मार्च, 1994 को मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के अन्तर्गत परिसमापन में लाए जाने का आदेश देता हूँ एवं मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री विनीत विल्सन तिर्की, सहकारिता विस्तार अधिकारी, विकासखण्ड बेगमगंज को संस्था का परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 24 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

विनोद कुमार सिंह,
उप-पंजीयक.

(271)

कार्यालय उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, होशंगाबाद

कारण बताओ सूचना-पत्र

होशंगाबाद, दिनांक 25 अप्रैल, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत]

क्र./परि./2012/722.—सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, होशंगाबाद जिसका पंजीयन क्रमांक/डी.आर.एच./2926, दिनांक 19 अप्रैल, 2007 है, का गठन कार्यालयीन आदेश क्रमांक/पंजीयन/2007/470, दिनांक 19 अप्रैल, 2007 से किया गया था. उपरोक्त आदेश की कंडिका क्रमांक-3 में यह शर्त थी कि संस्था को पंजीयन दिनांक से 1 वर्ष के अन्दर कार्य प्रारम्भ करना आवश्यक होगा. परन्तु संस्था के पंजीयन दिनांक से आज दिनांक तक लगभग 5 वर्ष की अवधि व्यतीत हो जाने के बावजूद संस्था द्वारा अपना कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है. यहां तक कि संस्था के द्वारा आवश्यक अधिकृत अंशपूंजी 60 करोड़ के विरुद्ध मात्र 26.42 लाख रुपये ही प्रदत्त अंशपूंजी के रूप में एकत्रित किये गये हैं. इससे प्रथमदृष्टया यह स्पष्ट है कि संस्था के द्वारा युक्तियुक्त समयावधि में न तो कार्य करना प्रारम्भ किया गया है और न ही प्रारम्भ करना संभव है. मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2-क) में स्पष्ट प्रावधान है कि यदि सोसायटी ने अपने रजिस्ट्रीकरण के युक्तियुक्त समय के भीतर कार्य करना प्रारम्भ नहीं किया हो तो सोसायटी का परिसमापन कर दिया जायेगा.

उपरोक्त वर्णित कारणों से मेरी राय में संस्था को परिसमापन में लाया जाना अपरिहार्य हो गया है. अत: मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत अधिकार जो मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 द्वारा प्रदत्त किये गये हैं, का प्रयोग करते हुए मैं, डॉ. अनिल कुमार, उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, होशंगाबाद, सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, होशंगाबाद जिसका पंजीयन क्रमांक/डी.आर.एच./2926, दिनांक 19 अप्रैल, 2007 को यह ''कारण बताओ सूचना-पत्र'' जारी करता हूँ कि क्यों न उक्त वर्णित कारणों से मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2), (ए) के अन्तर्गत आपकी संस्था को परिसमापन में लाया जाकर परिसमापक नियुक्त किया जावे.

इस कारण बताओ सूचना-पत्र के जारी करने के 15 दिवस के अन्दर आप उक्त वर्णित बिन्दुओं पर अपना उत्तर (स्पष्टीकरण) इस कार्यालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष में प्रस्तुत करें. निर्धारित अवधि में आपका उत्तर प्राप्त न होने की दशा में यह समझा जावेगा कि आपको उक्त बिन्दुओं के संबंध में कुछ नहीं कहना है तथा आवश्यक आदेश पारित कर दिये जावेंगे.

यह कारण बताओ सूचना-पत्र आज दिनांक 25 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

अनिल कुमार,
उप-पंजीयक.

(269)

कार्यालय उप-आयुक्त, सहकारिता, जिला इन्दौर

इन्दौर, दिनांक 19 अप्रैल, 2012

(मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2012/1764.—मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत महाराणा प्रताप पावरलूम बुनकर सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./आय.डी.आर./2334, दिनांक 25 जून, 2007 है, संस्था को पत्रांक 1010 दिनांक 1 मार्च, 2012 द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था एवं स्मरण पत्र क्रमांक .....दिनांक.....द्वारा जारी किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में संस्था द्वारा संस्था चलाने में रुचि नहीं दर्शाई इसका स्पष्ट तात्पर्य है कि संस्था अकार्यशील है.

अत: मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-एक-सी भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं शिवम मिश्रा, सहायक आयुक्त, सहकारिता, जिला इन्दौर, महाराणा प्रताप पावरलूम बुनकर सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर को तत्काल प्रभाव से परिसमापन में लाने का आदेश देता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री डी. आर. सोनी, सी. आई. को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 19 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

(268)

इन्दौर, दिनांक 19 अप्रैल, 2012

(मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत)

क्र./परि./2012/1765.—मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत नर्मदा अनु. जा. पावरलूम बुनकर सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर जिसका पंजीयन क्रमांक/ए.आर./आय.डी.आर./2232, दिनांक 14 अगस्त, 2006 है, संस्था को पत्रांक 1009 दिनांक 1 मार्च, 2012 द्वारा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 (3) के अन्तर्गत कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था एवं स्मरण पत्र क्रमांक .....दिनांक.....द्वारा जारी किया गया था, जिसके प्रत्युत्तर में संस्था द्वारा कोई जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई. इसका स्पष्ट तात्पर्य है कि संस्था अकार्यशील है.

अतः मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-69 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियां जो कि मुझे मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की विज्ञप्ति क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह/एक-सी, भोपाल, दिनांक 26 जुलाई, 1999 से प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं शिवम मिश्रा, सहायक आयुक्त, सहकारिता, जिला इन्दौर नर्मदा अनु. जा. पावरलूम बुनकर सहकारी संस्था मर्या., इन्दौर को तत्काल प्रभाव से परिसमापन में लाने का आदेश देता हूँ तथा मध्यप्रदेश सहकारी संस्थाएं अधिनियम, 1960 की धारा-70 (1) के अन्तर्गत श्री डी. आर. सोनी, सी. आई. को परिसमापक नियुक्त करता हूँ.

यह आदेश आज दिनांक 19 अप्रैल, 2012 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया.

शिवम मिश्रा,
सहायक आयुक्त.

(268-A)

कार्यालय उपायुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, ज़िला रतलाम

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

परिसमापित कंवल का माता फल, साग-सब्जी उत्पा. सह. संस्था मर्या., मून्दडी, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 772, दिनांक 20 दिसम्बर, 2001 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 340, दिनांक 18 मार्च, 2010 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अतः मैं, मनोज कुमार गुप्ता, उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी सोसायटियां, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त कर संस्था का निकाय (बॉडी-कारपोरेट) समाप्त करता हूँ.

(272)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

परिसमापित प्रगति फल, साग-सब्जी उत्पा. सह. संस्था मर्या., कांउरवासा, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 771, दिनांक 14 दिसम्बर, 2001 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 341, दिनांक 18 मार्च, 2010 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, मनोज कुमार गुप्ता, उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी सोसायटियां, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त कर संस्था का निकाय (बॉडी-कारपोरेट) समाप्त करता हूँ.

(272-A)

रतलाम, दिनांक 31 मार्च, 2012

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

क्र./परि./12/333/B.—परिसमापित शहीद नरेन्द्र चन्द्रावत खनिज सह. संस्था मर्या., गुणावद, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 746, दिनांक 29 जून, 1999 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 1315, दिनांक 8 सितम्बर, 2008 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, मनोज कुमार गुप्ता, उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी सोसायटियां, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त कर संस्था का निकाय (बॉडी-कारपोरेट) समाप्त करता हूँ.

(272-B)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

परिसमापित गांधी गृह निर्माण सह. संस्था मर्या., रतलाम, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 441, दिनांक 15 जून, 1987 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 150, दिनांक 5 फरवरी, 2009 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, मनोज कुमार गुप्ता, उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी सोसायटियां, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त कर संस्था का निकाय (बॉडी-कारपोरेट) समाप्त करता हूँ.

(272-C)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

परिसमापित स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया अवार्ड स्टॉफ नालन्दा गृ. नि. सह. संस्था मर्या., रतलाम, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 246, दिनांक 31 अक्टूबर, 1979 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 990, दिनांक 29 जुलाई, 2010 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

अत: मैं, मनोज कुमार गुप्ता, उप-आयुक्त, सहकारिता एवं उप-पंजीयक, सहकारी सोसायटियां, जिला रतलाम (मध्यप्रदेश) सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं मध्यप्रदेश शासन सहकारिता विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-5-1-99-पन्द्रह-1-सी, दिनांक 26 जुलाई, 1999 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त संस्था का पंजीयन निरस्त कर संस्था का निकाय (बॉडी-कारपोरेट) समाप्त करता हूँ.

(272-D)

[मध्यप्रदेश सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा-18 (1), (2) एवं 18-ए/क के अन्तर्गत]

परिसमापित सप्त सरोवर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., रतलाम, जिला रतलाम जिसका पंजीयन क्रमांक 844, दिनांक 9 अप्रैल, 2007 है, को इस कार्यालय के आदेश क्रमांक 77, दिनांक 27 जनवरी, 2012 से को मध्यप्रदेश सहकारी समितियां अधिनियम, 1960 की धारा-69 (2) के तहत संस्था अकार्यशील होने से परिसमापन में लाया जाकर धारा-70 के अन्तर्गत परिसमापक नियुक्त किया गया.

परिसमापक द्वारा परिसमापन कार्यवाही पूर्ण कर पंजीयन निरस्त करने हेतु अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है. जिसमें तत्संबंधी कोई कार्यवाही शेष नहीं है. परिसमापक द्वारा प्रस्तुत कार्यवाही से मैं संतुष्ट हूँ कि संस्था का पंजीयन निरस्त किया जाना उचित है.

